राजधानी में एक न्यायपीठ होनी चाहिए या नहीं यह सुसंगत बातों पर निर्भर करता है।

(ग) कोई विनिर्दिष्ट शर्तें विहित नहीं हैं। स्थायी न्यायपीठों की स्थापना के लिए राज्य सरकारों द्वारा किए गए प्रस्तावों पर सभी सुसंगत बातों को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाता है।

औरंगाबाद और जालान में दूरदर्शन केन्द्रों की स्थापना

2827. **श्री बालासाहिब पवार** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार औरंगाबाद और जालान में दूरदर्शन केन्द्र स्थापित करने का है; और

(ख) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री बसन्त साठे) : (क) और (ख). औरंगाबाद और जालान में दूरदर्शन सेवा उपलब्ध करना छठी योजना की परियोजनाओं में शामिल नहीं है।

औरंगाबाद और जालान सहित उन क्षेत्रों में, जिनमें दूरदर्शन सेवा इस समय उपलब्ध नहीं है, दूरदर्शन सेवा उपलब्ध करना संसाधनों की उपलब्धता और सापेक्ष प्राथमिकताओं पर निर्भर करेगा।

औरंगाबाद में सामाजिक कार्यकर्त्ताओं को टेलीफोन कनेक्शन देना

2828. **श्री बालासाहिब पवार** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने सामाजिक कार्यकर्त्ताओं को टेलीफोन कनेक्शनों के आवंटन करने के बारे में कुछ सुविधाएं दी हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो औरंगाबाद और जालान (महाराष्ट्र) में कितने सामाजिक कार्यकर्त्ताओं को टेलीफोन कनेक्शन दिये गये हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार का विचार उन सामाजिक कार्यकर्त्ताओं को, जिन्होंने इसके लिये आवेदन पत्र दिये हैं अथवा जिनके मांगों की सिफारिश संसद सदस्यों द्वारा की गई है, टेलीफोन कनेक्शन आवंटित करने का है ताकि वे पूरी तरह से समाज के कार्यों में स्वयं को लगा सकें ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री योगेन्द्र मकवाना): (क) "विशेष" श्रेणी के अंतर्गत नए टेलीफोन कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा, विशिष्ट सामाजिक व्यक्तियों, जिन्हें सार्वजनिक जीवन में जाना जाता है तथा विशिष्ट ख्याति प्राप्त हैं, उपलब्ध है। "सामाजिक कार्यकर्त्ताओं" की एक अलग से सूची नहीं रखी जाती।

(ख) उपरोक्त भाग (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) इन व्यक्तियों को वहां के टेलीफोन एक्सचेंज की प्रतीक्षा सूची में बारी आने पर टेलीफोन दे दिए जाएंगे।

कच्चे तेल के उत्पादन में प्रतिशत वृद्धि

2829. **श्री राम लाल राही** : क्या **पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक** मंत्री यही बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1982 में आज तक कच्चे तेल के उत्पादन में कितनी प्रतिशत वृद्धि हुई है; और

(ख) उससे आयात में कितने प्रतिशत कटौती हुई है और इस संबंध में पूरा ब्यौरा क्या है ?